पॉली हाउस स्थापित कर संरक्षित खेती को बढ़ावा देवें : डॉ. यादव

- संरक्षित खेती पर कृषक सेमिनार में पॉली हाउस में खीरा उत्पादन बढ़ाने की तकनीकी पर हुई चर्चा
- किसानों को अधिक से अधिक पॉली हाउस, लॉ-टनल, मल्चिंग जैसी सरंक्षित खेती को अपनाकर आमदनी को बढ़ावा देना चाहिए

बीकानेर, (कासं)। उद्यान विभाग बीकानेर द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत संरक्षित खेती-वर्तमान परिदृश्य एवं भविष्य की संभावनाएं विषय पर स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद कृषि संग्रहालय में दो दिवसीय कार्यशाला गुरूवार को प्रारम्भ हुई।

सेमिनार उद्घाटन के अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. विजय प्रकाश, प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ, नीना सरीन , अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. पी. के. यादव व डॉ. सुभाष चंद्र उपस्थित थे।

इस अवसर पर डॉ. विजय प्रकाश ने कहा कि जिले में सब्जी उत्पादन की व्यापक संभावनाएं है। किसान ड्रिप पर सब्जी उत्पादन क्षेत्र को बढ़ाकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। डॉ. नीना सरीन ने कहा कि किसान संरक्षित खेती के महत्व को समझें। उन्होंने कहा कि किसान सब्जी फसल लेकर समय पूर्व उपज प्राप्त कर अधिक आमदनी प्राप्त कर सकते है। डॉ पी. के. यादव ने किसानों को संबोधित करते हुआ कहा कि जिले के किसान उद्यान विभाग द्वारा देय अनुदान का लाभ लेते हुए अधिक से अधिक पॉली हाउस स्थापित करें व संरक्षित खेती को बढ़ावा देवें। डॉ. सुभाष चंद्र ने कहा कि किसान जल के समुचित उपयोग को सुनिश्चित करने के क्रम में सूक्ष्म सिंचाई तकनीकी संसाधन जैसे ड्रिप, मिनी फव्वारा व फव्वारा सिंचाई को बढ़ावा दें।

प्रथम तकनीकी सत्र में कृषि अधिकारी उद्यान मुकेश गहलोत ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न अनुदान योजनाओं के बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से बताया। उद्यानिकी विशेषज्ञ डॉ. सुशील कुमार ने अनार, बैर, सिट्रस, खजूर फल-बगीचा स्थापना की उन्नत तकनीकी के संदर्भ में किसानों को विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ उद्यानिकी विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र राठौड़ ने बताया कि संरक्षित खेती वर्तमान समय की मांग है किसानों को अधिक से अधिक पॉली हाउस, लॉ-टनल, मल्चिंग जैसी सरंक्षित खेती को अपनाकर आमदनी को बढ़ावा देना चाहिए।

केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान के डॉ हनुमान डूडी ने पॉली हाउस में खीरे की खेती की पैकेज ऑफ प्रैक्टिसेज के बारे में विस्तार से चर्चा की। केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान के डॉ रमेश कुमार ने अनार फल बगीचा स्थापना व प्रबंधन के पहलू पर प्रकाश डाला। सेमिनार में जिले के 100 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। उप निदेशक उद्यान डॉ. रेणु वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश गहलोत कृषि अधिकारी ने किया। कार्यक्रम में उद्यान विभागीय अधिकारी विजय कुमार बलाई, जोधराज कालीरावणा, लीला बिश्नोई लेखाधिकारी, लक्ष्मण सिंह शेखावत, अनिरूद्ध, पुष्पेन्द्र सिंह, धर्मपाल, बनवारी लाल सैनी, करणीदान चारण, ओमप्रकाश, आरती, पवन, तनवीर सिंह आदि उपस्थित थे।

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की तैयारी बैठक : गजसिंहपुर में आगामी सीजन में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की तैयारियां के लिये स्थानीय कृषि उपज मंडी समिति में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गेहूं खरीद से जुड़े अधिकारियों व व्यापारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडी समिति सचिव नरेन्द्र इंदलिया ने सभी व्यापारियों को समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद में सहयोग करने का अनुरोध किया। इस बैठक में खरीद संबंध में विस्तृत चर्चा एवं पूर्व तैयारियों का जायजा लिया गया और अधिक से अधिक गेहूं खरीद के पंजीकरण बढ़ाने के लिये कार्य योजना तैयार की गई।

राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार की घोषणा

बीकानेर, (कासं)। मुक्ति संस्था के तत्वावधान में चौथे पोकरमल राजरानी गोयल स्मृति राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है।

मुक्ति संस्था के सचिव कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने बताया कि इन पुरस्कारों के लिए देश भर के राजस्थानी साहित्यकारों से पुस्तकें आमंत्रित की गई थी। जोशी ने बताया कि राजस्थानी कथा साहित्य की सोलह पुस्तकें प्राप्त हुई थी। निर्णायक मंडल द्वारा गहन अध्ययन के उपरांत राजस्थानी महिला लेखन के लिए बीकानेर की कथाकार डॉ. कृष्णा आचार्य की राजस्थानी कहानी संग्रह 'तिणकां री भींत' पर ग्यारह हजार रूपये का राजस्थानी महिला लेखन का पोकरमल राजरानी गोयल स्मृति राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। जोशी ने बताया कि दूसरा राजस्थानी कथा पुरस्कार जोधपुर के युवा राजस्थानी साहित्यकार डॉ. कप्तान बोरावड़ को उनके कहानी संग्रह 'आंगणै री आस' के लिए दिया जायेगा। चौथे पोकरमल राजरानी गोयल स्मृति राजस्थानी पुरस्कार के लिए प्राप्त पुस्तकों में कहानी, उपन्यास एवं लघु कथाओं की बेहतरीन पुस्तकें मिली थी।

एस.एस.बी. में एम.आर.आई. मशीन का गुपचुप 10 साल का अनुबंध

- मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक को देखते हुए पीपीपी मोड में जांचों का दस्तावेज बाहर आने पर हुआ खुलासा
- हाल ही में पीबीएम अधीक्षक ने पीपीपी मोड पर संचालित पांच तरह की जांचों को लेकर एक तथ्यात्मक रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल को भेजी है
- चौंकाने वाली बात ये है कि इस मामले की लोकायुक्त में जांच चल रही है, चिकित्सा शिक्षा विभाग के दल ने भी इसे गलत माना था

बीकानेर, (कासं)। सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में पीपीपी मोड पर संचालित एमआरआई मशीन का अनुबंध दस साल के लिए गुपचुप तरीके से कर दिया गया। जबकि आर टीपीपी नियमों के तहत इसे गलत ठहराया गया। राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक को देखते हुए पीपीपी मोड में जांचों का दस्तावेज बाहर आने पर इसका खुलासा हुआ है।

नए संभागीय आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपुर की अध्यक्षता में गुरुवार को राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की मीटिंग होगी। इसमें पीबीएम हॉस्पिटल के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश किए जायेंगे। इसमें सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज और पीबीएम हॉस्पिटल में होने वाले विभिन्न प्रकार के ठेके के मुद्दे भी उठेंगे। इस मीटिंग को देखते हुए हाल ही में पीबीएम अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने पीपीपी मोड पर संचालित पांच तरह की जांचों को लेकर एक तथ्यात्मक रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल को भेजी है।

रिपोर्ट से पता चला है कि सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक यानी एसएसबी में संचालित एमआरआई मशीन का अनुबंध 20 जून 2032 तक दस साल के लिए किया गया है। इस संबंध में जब लेखा के जानकार लोगों से बात की तो उन्होंने इस सिस्टम को ही गलत करार दे दिया। चौंकाने वाली बात ये है कि इस मामले की लोकायुक्त में जांच चल रही है। पिछले साल चिकित्सा शिक्षा विभाग के दल ने भी इसे गलत माना था। पर जांच रिपोर्ट दबा दी गई। एसपी मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल का कहना है कि पहले वाले चिकित्साधिकारी आदेश करके चले गए। अब फाइलें लोकायुक्त में हैं। हम कुछ नहीं कर सकते।

पीबीएम अधीक्षक का कहना है कि वे नए हैं। पहले क्या हुआ इसका पता नहीं है। सूत्रों का कहना है कि प्रभावशाली लोगों को लाभ पहुंचाने की कवायद के चलते कुछ नए ठेके करने की तैयारी की जा रही है। उनमें शर्तें भी ऐसी होंगी, जिससे कंपीटीशन में दूसरी कोई फर्म टिक नहीं पायेगी। अधिक अनुभव का लाभ भी फर्म विशेष को ही मिलेगा। कुछ में पूल बनाकर डमी फर्म खड़ी की जायेगी।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/3608 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 27.2.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री यशपाल गुप्ता पुत्र श्री चिरंजीलाल निवासी म.नं. 16 वेलकम विहार, वार्ड नं. 40, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 5/6 किला नं. 4 में माप 30 इंटू 50 फीट भू.सं. ई-15 भूप कॉलोनी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 23286 दिनांक 29.9.2023 को श्रीमती सुमेशता चौधरी पत्नी श्री धमेन्द्र चौधरी के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री यशपाल गुप्ता द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 20.11.2024 को क्रय कर उक्त भूखंड के अपने नाम से नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री यशपाल गुप्ता पुत्र श्री चिरंजीलाल निवासी म.नं. 16 वेलकम विहार, वार्ड नं. 40, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पूरा दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रेकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1389 – सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियोजन/ 2025/146 **विज्ञप्ति** दिनांक : 27/02/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यास योजना मॉडल टाउन प्रथम भूखण्ड संख्या जी-09 भूखण्ड क्षेत्रफल 33'-0'' गुणा 69'-0'' फीट का आवासीय फ्री होल्ड पट्टा संख्या 1006 दिनांक 15.02.2023 द्वारा श्री रविन्द्र कुमार गोदारा पुत्र श्री ओमप्रकाश गोदारा निवासी चक 03 एल एन पी, पोस्ट ऑफिस चक महाराजका, तहसील व जिला श्रीगंगानगर के नाम से जारी है। आवेदक द्वारा आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रश्नगत भूखण्ड का प्रस्तावित भू-उपयोग मिश्रित हेतु आरक्षित है। मिश्रित भू-उपयोग में वाणिज्यिक भू-उपयोग अनुज्ञेय है।

राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधिया (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरित से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। – सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17.03.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बीकानेर, आदर्श कॉलोनी, 117680700024097, 4098, 117680730049515, पंच शती सर्कल, 115300700028906, 8923, 8985, 115300730078381, 8436, 8512, 115300750000242, 0250, 0259, 0265, श्री डुंगरगढ, 135300700013916, 3941, 3955, 3956, 3966, 3971, 135300730039290, गंगानगर, रायसिंह नगर, 135100700037481, 7533, 7535, 7549, 7552, 135100730042077, 135100750000104, 0106, रविन्द्र पथ, 117420700037370, 7380, 7388, 7402, 7420, 7440, 7462, 117420730042204, 2316, 117420750000156, सुखाड़िया सर्कल, 117490730023625, 117490750000092, 0103, सूरतगढ राजस्थान, 135560700025358, 5359, 5392, 5420, 5425, 135560730053264,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

उत्तर पश्चिम रेलवे **ई–ऑक्शन सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से बीकानेर मण्डल पर पे एण्ड यूज टॉयलेट, पार्किंग, लीजिंग, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र, Advertisement - out of Home, Advertisement on station premise Non-Digital,, एटीएम ठेको के लिए ई–ऑक्शन प्रारम्भ किये गये है जिनका विवरण निम्न प्रकार है :–

केटलॉग संख्या	कार्य का नाम व स्थान	ई–आक्शन की दिनांक व समय
EA PNU 20	लालगढ़, श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन पर पे एण्ड यूज टॉयलेट की साफ–सफाई हेतु।	दिनांक 10.03.2025 समय 10:00 बजे ई–ऑक्शन होगा।
EA LEASE 03 25	04717-SLR-F1-HSR-TPTY-25-1 (Parcel-SLR) 14701-SLR-F1-SGNR-BDTS-25-1(Parcel-SLR) 04711-SLR-F1-BKN-BDTS-25-1 (Parcel-SLR) 14707-SLR-F1-LGH-DDR-24-1 (Parcel-SLR)	दिनांक 10.03.2025 समय 11:00 बजे ई–ऑक्शन होगा।
EA PARKING 24	हिसार रेलवे स्टेशन पर साईकल, स्कूटर, मोटर साईकल पार्किंग स्टेण्ड एवं भिवानी, संगरिया, जैतसर, गजसिहंपुर, हिसार द्वितीय प्रवेश द्वार, हांसी रेलवे स्टेशनों पर साईकल, स्कूटर, मोटर साईकल, कार पार्किंग स्टेण्ड।	दिनांक 10.03.2025 समय 15:00 बजे ई–ऑक्शन होगा।
EA PMBJK 2	हिसार स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र।	दिनांक 12.03.2025 समय 11:00 बजे ई–ऑक्शन होगा।
EA LEASE 04 25	22475-SLR-R1-HSR-CBE-25-1(Parcel-SLR) 12240-SLR-R1-HSR-MMCT-25-1(Parcel-SLR) 16588-SLR-R1-BKN-YPR-25-1(Parcel-SLR) 16311-SLR-R1-SGNR-TVCN-25-1(Parcel-SLR) 12486-SLR-R1-SGNR-NED-25-1(Parcel-SLR) 12260-SLR-R1-BKN-SDAH-25-1(Parcel-SLR) 12440-SLR-R1-SGNR-NED-25-1(Parcel-SLR) 22738-SLR-R1-HSR-SC-25-1 (Parcel-SLR) 15633-SLR-R1-BKN-GHY-25-1 (Parcel-SLR) 17019-SLR-R1-HSR-HYB-25-1 (Parcel-SLR) 20471-SLR-R1-LGH-PURI-25-1 (Parcel-SLR) 22308-SLR-R1-BKN-HWH-25-1 (Parcel-SLR) 07054-SLR-R1-BKN-KCG-25-1 (Parcel-SLR) 15910-SLR-R1-LGH-DBRG-25-1 (Parcel-SLR) 22632-SLR-R1-BKN-MDU-25-1 (Parcel-SLR) 12372-SLR-R1-BKN-HWH-25-1 (Parcel-SLR) 14118-SLR-R1-BNW-PRYJ-25-1 (Parcel-SLR) 20846-SLR-R1-BKN-BSP-25-1 (Parcel-SLR) 12495-SLR-R1-BKN-KOAA-25-1 (Parcel-SLR)	दिनांक 17.03.2025 समय 11:00 बजे ई–ऑक्शन होगा।
EA ADV OHH SA 3	Advertisement - out of Home at: सादुलपुर, गजसिंहपुर, राजलदेसर, अनुपगढ, रामपुराबेरी, श्रीविजयनगर, रामा, नोहर । Advertisement on station premise Non-Digital at:- भिवानी, सिरसा	दिनांक 17.03.2025 समय 15:00 बजे ई–ऑक्शन होगा।
EA-ATM-03-25	हनुमानगढ़, सादुलपुर, सूरतगढ़, कोसली, भिवानी, चरखीदादरी, रतनगढ़, श्रीगंगानगर, हिसार, गोगामेड़ी रेलवे स्टेशनो पर परिसर में एटीएम लगाने हेतु ।	दिनांक 18.03.2025 समय 15:00 बजे ई–ऑक्शन होगा।

अन्य सूचना एवं नियम व शर्तों के लिये IREPS की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लॉगिन करें। 259-PS/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

22.5 किलो अफीम सहित तस्कर गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। राजियासर थाना पुलिस ने जामनगर-अमृतसर एक्सप्रेस हाईवे पर कालूसर फांटा के पास से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 24 पैकेट में 22.5 किलो अवैध अफीम बरामद की गई है। इसकी कीमत करीब 1 करोड़ 35 लाख रूपए है।

पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान जोधपुर जिले के ओसियां थाना क्षेत्र के हाणिया गांव निवासी रामनारायण (37) के रूप में हुई है। आरोपी क्रेटा कार से अफीम की तस्करी कर रहा था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने अफीम चित्तौडगढ़ के बेंगू से खरीदी थी। इसे हनुमानगढ़ जिले के रावतसर, जंडवाला और मिर्जावाला मेर में डिलीवर करना था। डीआईजी गौरव यादव ने बताया कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए ऑपरेशन सीमा संकल्प चलाया जा रहा है।

बीकानेर में 38 हजार ने दी रीट परीक्षा

- रीट परीक्षा में आठ से दस मिनट देरी से पहुंचे अभ्यर्थियों को एंट्री नहीं दी गई
- जबकि परीक्षा एक घंटे बाद शुरू हुई

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर में 45 सेंटर पर रीट की दो पारियों में परीक्षा हुई। कई परीक्षार्थियों को लेट आने के कारण सेंटर से बाहर ही रोक दिया गया। इसमें कुछ आगरा से आये हुए थे तो कुछ नोखा जैसे नजदीकी क्षेत्र से। परीक्षा 10 बजे शुरू हुई और किसी तरह की कोई गड़बड़ अब तक सामने नहीं आई है। बीकानेर में करीब 38 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे हैं।

यहां फोर्ट सीनियर सैकण्डरी स्कूल के सेंटर पर भारी भीड़ जमा रही। गेट बंद होने से पहले तक पुलिसकर्मी और स्कूल स्टाफ अभ्यर्थियों को आवाज देता रहा। इसके करीब आठ से दस मिनट बाद तीन कैंडिडेट्स आये। इन तीनों को वापस लौटा दिया गया। आगरा से आये सुनील कुमार का कहना था कि बस लेट होने के कारण वो परीक्षा केन्द्र पर महज 8 मिनट देरी से पहुंचा लेकिन गेट बंद कर दिया गया। उसे अंदर नहीं जाने दिया। जबकि परीक्षा एक घंटे बाद शुरू हुई। इसी तरह नोखा से आई मैना अपने भाई के साथ बाइक पर आई। वो सेंटर पर अंदर जाने की कोशिश कर रही थी, तभी पता चला कि दस मिनट लेट आने के बाद भी वो गलत सेंटर पर खड़ी है। उसे सार्दुल स्कूल जाना था लेकिन वो फोर्ट स्कूल के आगे थी। उसके भाई ने बताया कि नोखा से बाइक पर आने के कारण लेट हो गई। बीकानेर के कई सेंटर्स पर ऐसे दृश्य देखने को मिले कि केंडिडेट्स को प्रवेश नहीं मिला।

मुकाम मेले में श्रद्धालु उमड़े

नोखा, (कासं)। नोखा में स्थित बिश्नोई समाज के पवित्र तीर्थस्थल मुकाम में फाल्गुन मेला धार्मिक उत्साह के साथ गुरूवार को संपन्न हुआ।

देशभर से आये हजारों श्रद्धालुओं ने गुरू जम्भेश्वर भगवान की समाधि पर धोक लगाई। श्रद्धालुओं ने पर्यावरण शुद्धि के लिए अखंड यज्ञ में घी और नारियल की आहुतियां दी। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तरप्रदेश से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। मुकाम क्षेत्र 'विष्णु-विष्णु तू भण रे प्राणी' के जयकारों से गूंज उठा। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर दर्शन किए। उन्होंने पाहल ग्रहण की और मौजूद संतों का आशीर्वाद लिया। समराथल धोरे पर भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने तालाब से पवित्र मिट्टी निकाली। इस मिट्टी को हाथों से निकालना पुण्य का कार्य माना जाता है। मेला परिसर में अस्थाई दुकानों पर खूब खरीदारी हुई। नोखा पुलिस के सीओ हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में मेले की सुरक्षा व्यवस्था की गई।

गिरवी सोने में फर्जीवाड़ा कर लोन उठाया

- बैंक मैनेजर ने गोल्ड लोन लेने वालों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया

नोखा, (कासं)। एसबीआई की सादुलगंज ब्रांच में गोल्ड लोन के लिये गिरवी रखी सोने की ज्वैलरी के वजन में फर्जीवाड़ा कर करोड़ों रूपए का लोन उठाने का मामला सामने आया है।

बैंक के ब्रांच मैनेजर विकास कामरा ने इस मामले में बैंक के गोल्ड लोन लेने वालों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला सदर थाने में दर्ज कराया है। स्वर्णकार से मिलीभगत जेवर का अधिक शुद्ध वजन दिखाया। बैंक की वैल्यूएशन रिपोर्ट से गड़बड़ी खुली। पुलिस ने पुरानी गिन्नाणी निवासी ओमप्रकाश सोनी, गौरीशंकर सोनी, एमपी कॉलोनी निवासी सुरेन्द्र सोनी, अविनाश सोनी, कोचरों का चौक निवासी मनोहर लाल सोनी समेत गोल्ड लोन लेने वाले प्रकाश निर्मल, जलालसर निवासी कलुराम, रानीसर बास निवासी रितेक गहलोत, राकेश सोलंकी, प्रतापबस्ती निवासी विनोद, दिव्या सोलेकी, इन्दुबाला, रेगर मोहल्ला निवासी मैना, खुशबू सोलंकी, विशाखा सोलंकी, रानीसर बास निवासी अजय गहलोत, इंद्रा कॉलोनी निवासी आकाश राजपुरोहित, गोपीकिसन, प्रताप बस्ती निवासी रमेश लोहार, नोखा रोड़ शिवा बस्ती निवासी नारायण, प्रताप बस्ती निवासी आशा, ढ़ीगसरी निवासी धापू, तुलसी, सुनिता, जीतू, सीता, बागवानों का मोहल्ला निवासी एकता कश्यप, सलमान, आशुराम भाटी, शीतला गेट निवासी खलील अहमद, बंगला नगर निवासी विक्रम लोहार, रामपुरा बस्ती निवासी आदिल, गोगागेट निवासी कुन्दनलाल वाल्मीकि तथा जलालसर निवासी कलूराम को नामजद किया है।

मंडी शुल्क की दरें घटाने के लिए सद्बुद्धि यज्ञ

- मंडी शुल्क को पडौसी राज्यों गुजरात, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली की तर्ज पर समाप्त करने की मांग

बीकानेर, (कासं)। अनाज कमेटी, बीकानेर कच्ची आढ़त संघ बीकानेर वूल ट्रेडर्स एसोसिएसन पूगल मंडी, बीकानेर दाल मिल्स एसोसिएशन, बीकानेर ऑयल मिल एसोसिएशान, बीकानेर मूंगफली दाना मिल एसोसिएशन, बीकानेर ग्वार गम मिल एसोसिएशन एवं बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल के सदस्यों ने मंडी शुल्क की दरें घटाने व कृषक कल्याण शुल्क समाप्त करने के लिए राज्य सरकार की सद्बुद्धि हेतु मंडी प्रांगण के सचिव कार्यालय के आगे यज्ञ किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम का ज्ञापन अति. जिला कलेक्टर प्रशासन रामावतार कुमावत व मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश दाल मिल महासंघ समिति राजस्थान के महासचिव जयकिशन अग्रवाल ने बताया कि कोरोना काल में लगाये गये कृषक कल्याण फीस तथा आम आदमी की दाल-रोटी दलहन व गेहूं पर मंडी शुल्क को 1.60 प्रतिशत से 0.50 प्रतिशत करने व दूसरे राज्यों की उपज को राज्य में लाने पर लगाये जाने वाले मंडी शुल्क को पडौसी राज्यों गुजरात, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली की तर्ज पर समाप्त करने तथा वर्षों से किराये पर चल रहे गोदामों का मालिकाना हक दिलवाने हेतु सरकार को सद्बुद्धि हेतु यज्ञ किया गया।

राज्य सरकार द्वारा ऐसे करारोपण के कारण राजस्थान राज्य की सभी कृषि आधारित उद्योग पडौसी राज्यों के उद्योगों से प्रतिस्पर्द्धा में टिक नहीं पाते हैं तथा उद्योगों के साथ कार्यरत स्टाफ व मजदूरों के रोजगार पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। बीकानेर के सारे कारोबारी राजस्थान खाद्य पदार्थ संघ जयपुर के आव्हान पर राज्य में विभिन्न मांगों को रखते हुए 23 फरवरी से आज तक अपनी मिलें बंद करके बैठे हुए हैं। यज्ञ के बाद सचिव कृषि मंडी को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जयदयाल डूडी, रामदयाल सहारण, मांगेराम गोयल, भंवर गोरछिया, जुगल राठी, राजकुमार पचीसिया आदि मौजूद थे।

सितम्बर तक बनेगी शहर की सभी सड़कें

बीकानेर, (कासं)। कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने दो दिन पहले दावा किया कि सितम्बर तक शहर की सारी सड़कें दुरूस्त हो जायेगी। ये दावा उन्होंने नगर निगम, बीडीए और प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता के बाद किया।

हकीकत ये है कि सड़क के 20 से 25 फीट नीचे सीवर लाइन ध्वस्त हो चुकी है। इसके चलते बार बार सड़क धंस रही है। अधिकारी जानते हैं कि पहले सीवर लाइन बनेगी फिर सड़कों का नंबर आयेगा। अभी डैमेज सीवरेज सुधारने के टेंडर और वर्क आर्डर नहीं किया गया है। वर्क आर्डर के बाद पहले सीवरेज का काम होगा। फिर सड़क का नंबर आयेगा। जिस रफ्तार से शहर में टेंडर और निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, वह किसी से छिपा नहीं है।

दरअसल दीनदयाल सर्किल से अम्बेडकर सर्किल तक सड़क बनाने के लिए बीकानेर विकास प्राधिकरण ने अपने ओर से सड़क बनाने के लिए टेंडर कर वर्क आर्डर कर दिया। लेकिन बाद में पता चला कि रजिस्ट्रार ऑफिस के आगे सड़क के करीब 20 फीट नीचे सीवरेज लाइन डैमेज है।

अगर बिना सीवरेज ठीक किए बिना सड़क बनाई गई तो सड़क बैठ जायेगी। ऐसे में नगर निगम को बीडीए ने सीवरेज ठीक कराने के लिए कहा गया है। दूसरी सड़क गौतम सर्किल, आईटीआई सर्किल व्यास से पटेल नगर पुलिया तक रोड पर भी यही हालात हैं। यहां भी करीब सड़क से 25 फीट नीचे सीवरेज पूरी तरह डैमेज हो चुकी है। ये सड़क भी बनाने के लिए मंजूर है।

इसके अलावा तीसरी लालगढ़ होटल से वेटरनरी कॉलेज वाली रोड पर भी सीवरेज ठीक करनी है। तीनों ही जगह सीवरेज पर खर्चा करीब 8 से 9 करोड़ रूपए का आंका जा रहा है।

एक स्मार्ट पहल
आजीवन ख़ुशियों की
गारंटी के लिए
एलआईसी का
स्मार्ट
पेंशन
यूआईएन: 512N386V01 प्लान संख्या: 879
एक नॉन-पार, नॉन-लिंक्ड, व्यक्तिगत, बचत, तत्काल वार्षिकी योजना
ऑनलाइन भी उपलब्ध
एकल प्रीमियम तत्काल वार्षिकी योजना
आपकी आवश्यकताओं के अनुरूप वार्षिकी विकल्पों की विस्तृत श्रृंखला
एकल जीवन वार्षिकी और संयुक्त जीवन वार्षिकी विकल्पों में से चुनने की सुविधा
प्रवेश के समय न्यूनतम आयु – 18 वर्ष
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC / R1 / 2024-25 / 50 / Hin
LIC मोबाइल ऐप डाउनलोड करें
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
अधिक जानकारी के लिए, अपने बीमा एजेन्ट/निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का ना